**भारत सरकार**
**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय**

**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 3636**
**दिनांक 03 अप्रैल, 2023**

**सरकार/तेल निगमों द्वारा पेट्रोल पंप वितरकों का पुनर्वास**

**3636 # श्री सतीश चंद्र दूबे :**

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश मे तेल पीएसयू के कई खुदरा बिक्री केन्द्रों के सामने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों/राज्य राजमार्गों पर फ्लाईओवर के निर्माण की वजह से वहां पर रास्ते आदि बंद हो जाने के कारण ऐसे बिक्री केन्द्र अव्यवहार्य/लाभहीन हो गए हैं या होने के कगार पर हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार/तेल निगम ने ऐसे वितरकों के पुनर्वास के लिए कोई कार्यक्रम बनाया है; और

(ग) यदि हां, तो कब तक आवश्यक निर्देश/नीतियां जारी कर दी जाएंगी और कदम उठाए जाएंगे?

**उत्तर**
**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री रामेश्वर तेली)**

(क) से (ग) सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कम्पनियों (ओएमसीज) ने बताया है कि फ्लाईओवर का निर्माण, सड़क को चौड़ा करने, सड़क को बंद करने/विपथन आदि सहित विभिन्न कारणों से खुदरा बिक्री केन्द्र डीलरशिपों का रीसाइटमेंट सम्बन्धी दिशानिर्देश पहले ही मौजूद है। इस सम्बन्ध में किए गए अनुरोधों को ओएमसीज द्वारा मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार मामला-दर-मामला आधार पर निष्पादित किया जाता है।

***